प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

31 जनवरी 2023

बैंक ऋण का क्षेत्र-वार अभिनियोजन – दिसंबर 2022

दिसंबर 2022[1] महीने के लिए 40 चुनिंदा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से जुटाए गए बैंक ऋण के क्षेत्र-वार अभिनियोजन संबंधी आंकड़ें, जो सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा अभिनियोजित कुल खाद्येतर ऋण का लगभग 93 प्रतिशत होता है, विवरण I और II में दिए गए हैं।

वर्ष-दर-वर्ष (व-द-व) आधार पर देखें तो, खाद्येतर बैंक ऋण[2] में दिसंबर 2022 में 15.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि एक वर्ष पहले यह 9.4 प्रतिशत थी।

बैंक ऋण के क्षेत्र-वार अभिनियोजन की मुख्य बातें नीचे दी गई हैं :

- दिसंबर 2022 में कृषि और संबद्ध कार्यकलापों के लिए प्रदत्त ऋण में 11.5 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई, जबकि एक वर्ष पहले यह 14.2 प्रतिशत थी।
- उद्योग क्षेत्र को प्रदत्त ऋण संवृद्धि, दिसंबर 2021 में 7.3 प्रतिशत से बढ़कर दिसंबर 2022 में 8.7 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) हो गई। आकार के अनुसार देखें तो, बड़े उद्योग को प्रदत्त ऋण में एक वर्ष पहले के 1.1 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 7.0 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। मध्यम उद्योगों के लिए ऋण संवृद्धि पिछले वर्ष के 64.6 प्रतिशत की तुलना में दिसंबर 2022 में 15.4 प्रतिशत थी। सूक्ष्म और लघु उद्योगों को प्रदत्त ऋण में दिसंबर 2022 में 13.7 प्रतिशत की वृद्धि (एक वर्ष पहले 24.5 प्रतिशत) दर्ज की गई।
- उद्योग के भीतर, 'सभी इंजीनियरिंग', 'मूल धातु और धातु उत्पादों', 'पेय पदार्थ और तंबाकू', 'सीमेंट और सीमेंट उत्पादों', 'रसायन और रासायनिक उत्पादों', 'निर्माण', 'कांच और कांच के बने पदार्थ', 'रत्न और आभूषण', 'वाहन, वाहन के पुर्जों और परिवहन उपकरण' एवं 'लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों' के लिए ऋण संवृद्धि में दिसंबर 2022 में पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में बढ़ोत्तरी हुई। 'खाद्य प्रसंस्करण', 'अवसंरचना', 'चमड़ा और चमड़े के उत्पादों', 'खनन और उत्खनन', 'पेट्रोलियम, कोयला उत्पादों और परमाणु इंधनों', 'कागज और कागज के उत्पादों', 'रबड़, प्लास्टिक और उसके उत्पादों' एवं 'कपड़ा' की ऋण संवृद्धि में गिरावट आई।
- सेवा क्षेत्र को प्रदत्त ऋण एक वर्ष पहले के 10.2 प्रतिशत की तुलना में दिसंबर 2022 में 19.6 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) बढ़ा, जो मुख्य रूप से 'एनबीएफसी' द्वारा ऋण उठाव में सुधार की वजह से था।
- वैयक्तिक ऋण एक वर्ष पहले के 14.9 प्रतिशत से दिसंबर 2022 में 20.2 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) तक बढ़ा, जो मुख्यतः 'आवास' और 'वाहन ऋणों' द्वारा प्रेरित था।

रूपांबरा
निदेशक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1639

[1] आंकड़ें माह के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार से संबंधित हैं।

[2] खाद्येतर ऋण के आंकड़ें माह के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार हेतु धारा – 42 विवरणी पर आधारित हैं, जिसमें सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) शामिल हैं।